# पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Summative Assessment-1 (2021-2022) | | | |
|---|---|---|---|
| Student's Name: | Roll No.: | Grade : | VI |
| Date : | Time: | Subject: | Hindi |
| T. Sign : | | Total Marks | 60 |

- **चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**(खंड-क)**
**( अपठित-विभाग)**

**प्रश्न-1निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)**

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

**प्रश्नोत्तर**

(1) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है?
(2) व्यक्ति के बस में क्या नहीं है?
(3) किस प्रकार के विद्यार्थी पछताते हैं?
(4) मनुष्य का क्या कर्तव्य है?
(5) उपयुक्त गदयांश का उचित शीर्षक लिखिए |

**प्र-2 निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)**

तेरी पाँखों में नूतन बल,
कंठों में उबला गीत तरल,
तू कैसे हाय, हुआ बंदी, वन-वन के कोमल कलाकार।
क्या भूल गया वह हरियाली!
अरुणोदय की कोमल लाली?
मनमाना फुर-फुर उड़ जाना, नीले अंबर के आर-पार!
क्या भूल गया बंदी हो के
सुकुमार समीरण के झोंके
जिनसे होकर तू पुलकाकुल बरसा देता था स्वर हज़ार?
रे, स्वर्ण-सदन में बंदी बन

यह दूध-भात का मृदु भोजन
तुझको कैसे भा जाता है, तज कर कुंजों का फलाहार!
तू मुक्त अभी हो सकता है,
अरुणोदय में खो सकता है,
झटका देकर के तोड़ उसे, पिंजरे को कर यदि तार-तार!
पंछी! पिंजरे के तोड़ द्वार।

**प्रश्नोत्तर**

(1) कवि को किस बात का दुख है?
(2) कवि पंछी को क्या-क्या याद दिला रहा है?
(3) कवि पंछी को किस बात की उम्मीद दिलाकर आगे बढ़ने को कह रहा है?
(4) "अंबर " शब्द का समान शब्द लिखिए |
(5) पदयांश का उचित शीर्षक लिखिए |

## (खंड-ख)
## (व्याकरण-विभाग)

**प्र-3(क) उपसर्ग से नए शब्द बनाए |** **(अंक-2)**

1 ) अभि 2) प्रति

**(ख) नीचे दिए गए संज्ञा के सही विकल्प लिखिए |** **(अंक-2)**

1 ) 'लकडी' शब्द में संज्ञा बताइए|
(a) समूहवाचक (b) जातिवाचक
(c) द्रव्यवाचक (d) इनमे से कोई नहीं

2) जिस शब्द से किसी वस्तु के गुण, दोष, कार्य, अवस्था इत्यादि का बोध हो, उसे कहते है?
(a) व्यक्ति वाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) समूह वाचक

3) सदैव एकवचन में कौनसी संज्ञा होती है?
(a) भाव वाचक (b) व्यक्ति वाचक
(c) जाति वाचक (d) ये सभी

4) निम्नलिखित में कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?
(a) महाभारत (b) पटना
(c) औरत (c) यमुना

**(ग) नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर कारक के भेद लिखिए |** **(अंक-4)**

1) हे राम ! यह क्या हो गया।
2) बच्चा बोतल से दूध पीता है।
3) सेना के जवान आ रहे हैं।
4) सोहन रमेश को पुस्तक देता है।

**(घ) प्रत्यय से नए शब्द बनाए |** **(अंक-2)**

1) आई 2) अना

**(च) नीचे दिए गए वाक्यों के प्रकार लिखिए |** **(अंक-3)**

1) ऐसी सर्दी में बाहर मत जाओ।
2) क्या वह आगरा जाएगी ?
3) उसने झूठी गवाही न दी होती तो गोपी जेल से बाहर होता।

**(छ) निम्नलिखित विशेषण के सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-2)**

1) विशेष्य किसे कहते हैं|
   (a) जो विशेषता बताई जाए (b) जिसकी विशेषता बताई जाए
   (c) जो विशेषता बताए (d) इनमें से कोई नहीं
2) अच्छा-बुरा, सुगंधित, उत्तरी-पूर्वी, प्राचीन आदि विशेषण किस प्रकार के हैं|
   (a) परिमाणवाचक (b) संख्यावाचक
   (c) गुणवाचक (d) स्थानवाचक
3) विशेषण के कितने भेद माने गए हैं |
   (a) चार (b) तीन
   (c) पाँच (d) छह
4) 'आदर' शब्द से विशेषण बनेगा|
   (a) आदरकारी (b) आदरपूर्वक
   (c) आदरणीय (d) इनमें से कोई नहीं

## (खंड-ग)
## (साहित्य-विभाग)

**प्र-4 निम्नलिखित सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-3)**

1) ) चिड़िया को किन चीज़ों से प्यार है?
   (a) नदी से (b) जंगल से
   (c) अन्न से (d) उपर्युक्त सभी
2) गीतकार कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा है?
   (a) समुद्र में (b) हवा में
   (c) वन में (d) चट्टानों में
3) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार कौन हैं?
   (a) विष्णु प्रभाकर (b) दिलीप एम. साल्वी
   (c) साहिर लुधियानवी (d) सुमित्रानंदन पंत

**प्र-5 नीचे दिए गए अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(अंक-3)**

1) लड़की चाँद के घटने बढ़ने का क्या कारण बताती है?
2) मंगल ग्रह के लोगों के लिए अब अंतरिक्ष यान छोड़ना असंभव क्यों है?
3) हमारा लक्ष्य क्या है?

**प्र-6 नीचे दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई तीन)** **(अंक-6)**

1) अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ?
2) टोपी के संबंध में लेखिका क्या सोचती थी?
3) चिड़िया के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते हैं?
4) वैद्य जी मोहन को क्या बीमारी बताते हैं? वह उसे क्या दवा देते हैं?

**प्र-7 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई एक ) (अंक-3)**

1) लेखिका बचपन में कैसी पोशाक पहना करती थी?

2) सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'-साहिर ने ऐसा क्यों कहा है?

**प्र-8 नीचे दिए गए रामायण से संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-3)**

1) रानी कैकेयी के मन में क्या प्रश्न था?

2) भरत क्या सुनते ही शोक में डूब गए?

3) मायावी मारीच ने किसका रूप धारण किया?

## (खंड-घ)
## ( लेखन-विभाग)

**प्र-9 कोई एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (अंक-5)**

1) जन्माष्टमी पर अनुच्छेद

**अथवा**

वन और हमारा पर्यावरण

**प्र-10 कोई एक विषय पर पत्र लेखन लिखिए | (अंक-5)**

1) प्रधानाध्यापक को अवकाश के लिए पत्र |

**अथवा**

अपने मित्र को अपने जन्म दिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्र-11 कोई एक विषय पर संवाद लेखन लिखिए | (अंक-4)**

1) टिकट बाबू और यात्री के बीच का संवाद लिखिए |

अथवा

अनुशासन के महत्व पर पिता और पुत्र के बीच संवाद लेखन|

**प्र-12 नीचे दिए गए चित्र को देखकर दस-पंद्रह वाक्य लिखिए | (अंक-3)**



---